## सार-समाचार

### हिदायत मेहर जिलाध्यक्ष बने


हिदायत खान मेहर

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजस्थान प्रदेश कांग्रेस (चिकित्सा प्रकोष्ठ )के प्रदेश अध्यक्ष डॉ विकास महला के निर्देश अनुसार जयपुर कांग्रेस मुख्यालय में मीटिंग का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि आमेर विधायक प्रशांत सहदेव और चिकित्सा प्रकोष्ठ के संगठन महासचिव कृष्ण शर्मा द्वारा जालोर जिला अध्यक्ष पद पर हिदायत खान मेहर को नियुक्ति पत्र दिया गया।साथ ही कांग्रेस संगठन की मजबूती के साथ 20 दिवस में जालोर जिला कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ कार्यकारिणी की सूची प्रदेश कार्यालय भिजवाने का निर्देश दिया।

### भाजपा ने कार्यशाला आयोजित की

**पोकरण**, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी पोकरण की ओर से आत्मनिर्भर भारत संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को विधायक कार्यालय पोकरण में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं वंदे मातरम् गान के साथ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला संयोजक नारायण सिंह तंवर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन पर विस्तृत प्रकाश डाला और कहा कि यह अभियान युवाओं, किसानों, महिला उद्यमियों एवं छोटे व्यवसायियों को नई दिशा दे रहा है। जिला सह संयोजक सुरेन्द्र सिंह ने 'वोकल फॉर लोकल', स्टार्टअप, स्वरोजगार और नवाचार के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। वहीं जिला महामंत्री संतोष पालीवाल ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान समाज के अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति को मुख्यधारा से जोडने का संकल्प है। कार्यशाला में यह निर्णय लिया गया कि मंडल और बूथ स्तर तक इस अभियान को पहुँचाने के लिए विशेष जनजागरण कार्यक्रम 25 सितम्बर से 25 दिसम्बर तक चलाए जाएंगे। इस अवसर पर भूरसिंह राड़ौड ने स्वदेशी अपनाने पर जोर दिया तथा वंदना शर्मा ने भी अपने विचार रखे। मंच संचालन शहर मण्डल अध्यक्ष जितेन्द्र माली ने किया। कार्यक्रम में मंच पर जिला मंत्री लाखन सिंह, श्रवण पुनिया, प्रवक्ता मदन सिंह जोधा, मेघ सिंह जैमला उपस्थित रहे। वहीं मण्डल अध्यक्ष हजारी कुमावत फलसुण्ड, भंवर सिंह रामदेवरा, तुलछसिंह नाचना, राजेन्द्र सिंह भैंसडा, भरत रतनू पोकरण ग्रामीण, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष अनिल रंगा, महिला मोर्चा वंदना शर्मा, भैंसडा मण्डल महामंत्री झुंझार सिंह, प्रद्युम्न, प्रकाश गोस्वामी, खेताराम मेघवाल, भावना कंवर, नखताराम ओड, सवाई सिंह चम्पावत सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बांगड़ महाविद्यालय में गरबा हुआ

**पाली**, (नि.सं.)। सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में बांगड़ महाविद्यालय में मंगलवार को छात्रा वर्ग के लिए गरबे का आयोजन किया गया। बांगड़ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. महेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने बताया कि इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्राओं ने रंग बिरंगे गरबा परिधान पहनकर भाग लिया। सांस्कृतिक समिति की समन्वयक डॉ. दीप्ति चतुर्वेदी ने बताया कि इस अवसर पर बेस्ट डान्स परफॉर्मेंस का प्रथम पुरस्कार रेणुका, द्वितीय पुरस्कार कुसुम तथा तृतीय पुरस्कार रवीना सांखला को दिया गया। बेस्ट ड्रेस का प्रथम पुरस्कार लक्ष्मी और द्वितीय पुरस्कार हंसिका को दिया गया। बेस्ट ग्रुप डान्स का पुरस्कार साक्षी एंड ग्रुप ने जीता। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ.प्रतिभा गर्ग, नूतन बाला कपिला तथा एडवोकेट प्रियंका जोशी द्वारा छात्राओं में पुरस्कार वितरण किया गया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ.रश्मि त्रिवेदी ,डॉ. प्रीति एवं भावना ने मुख्य भूमिका निभाई ! इस अवसर पर डॉ.संगीता आर्य, डॉ मनीष औदिच्य ,डॉ उषा व्यास, विश्व मैत्री शेखावत उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.आशा मूंदड़ा द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉक्टर महेंद्र सिंह राजपुरोहित ने बताया कि बुधवार को दोपहर 12 बजे छात्र वर्ग के लिए महाविद्यालय के न्यू हॉल में गरबे का आयोजन रखा गया है।

### शहरी सेवा शिविर लोगों को राहत दे रहे

**पाली**, (नि.सं.)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार आयोजित किये जा रहे शहरी क्षेत्रों में शहरी सेवा का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है व आमजन को इसका लाभ मिल रहा है। आज जिले के सुमेरपुर पंचायत समिति सभागार में आयोजित शहरी सेवा शिविर में आमजन बड़ी संख्या में पहुंचे। इस अवसर पर शिविर में सफाई व्यवस्था सुधार, ब्लैक स्पॉट हटाने, निराश्रित पशु पकड़ने, स्ट्रीट लाइट मरम्मत व नई लाइट लगाने, सड़क व पार्क रखरखाव, जन्म-मृत्यु व विवाह प्रमाणपत्र जारी करने सहित विभिन्न प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया। शिविर में अधिशासी अधिकारी नरपत सिंह ने बताया कि शिविर में मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को ऋण वितरित किए गए। साथ ही स्ट्रीट वेंडर कार्ड, कृषि भूमि पट्टे, धारा 69ए पट्टे और उप विभाजन संबंधी मामलों का समाधान भी किया गया। उन्होंने कहा कि शिविर शहर के 35 वार्डोंमें करीब एक महीने तक चलेंगे, जहां विभिन्न विभागों के अधिकारी नागरिकों की समस्याओं का समाधान करेंगे। विभिन्न विभागों के अधिकारी कार्मिक व आमजन मौजूद रहे।

### सायला में सहायक उपकरण बांटे

**सायला**, (निसं)। समावेशी शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सन्दर्भ कक्ष राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सायला में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी किशोर बी परमार के मार्गदर्शन एवं समग्र शिक्षा के तत्वावधान में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (सीडब्ल्यूएसएन) के लिए अंग उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नेमाराम चौधरी ने दिव्यांगता से संबंधित ब्लॉक स्तरीय गतिविधियों की सराहना की। प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने शिविर में आए बच्चों को सशक्त बनाने के महत्व पर जोर दिया। नोडल पीईईओ धीराराम चौधरी ने अभिभावकों को अपने बच्चों की शिक्षा में सक्रिय रूप से सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा विशेष रूप से विशेष बच्चों के प्रति सहानुभूति के महत्व पर बल दिया। शिविर के दौरान संदर्भ व्यक्ति घनश्याम सेन ने विशेष रूप से विशेष बच्चों को सहायक उपकरण वितरित किए। जिनमें दो टीएलएम किट, दो सीपी कुर्सी, एक ट्राइसाइकिल और दो श्रवण यंत्र शामिल थे। इस दौरान तनु शर्मा, गुड्डी ग्वाला, साक्षी मीना, महेश कुमार उपस्थित थे।

### बालोतरा महिला मंडल का सम्मान

**बालोतरा**, (निसं)। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल का 50 वां राष्ट्रीय अधिवेशन अहमदाबाद में आचार्य महाश्रमणजी के सानिध्य में आयोजित हुआ।। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अधिवेशन में 270 से अधिक क्षेत्रों से लगभग 1500 बहिने उपस्थित थी। इस अधिवेशन में बालोतरा से वर्तमान अध्यक्ष चंचल देवी भंडारी,निवर्तमान अध्यक्ष निर्मला देवी संकलेचा, वर्तमान मंत्री रेखा श्रीमाल, उपाध्यक्ष चंद्रा जी बालड, सह मंत्री रेखा भंडारी और निवर्तमान मंत्री रेखा बालड सहभागी बने। इस अवसर पर गुरुदेव ने फरमाया कि अभातेमम तेरापंथ की सक्रिय संस्थाओं में से एक संस्था है और अच्छा कार्य कर रही है और सभी बहिनें। अध्यात्म के साथ जुडकर कार्य करे। साध्वी प्रमुखा विश्रुतविभा जी ने भी। फरमाया कि यह बहने निस्वार्थ भावना से कितना कार्य कर रही है। पद से युक्त हो या पद मुक्त हो संघ सेवा की भावना से अच्छा कार्य करें। साध्वी सत्यप्रभा ने इस तरह आगे भी महिला मंडल को सक्रिय रूप से कार्य करने की प्रेरणा दी। प्रबुद्ध साध्वी अणिमा ने फरमाया कि बालोतरा तेरापंथ महिला मंडल एक सक्रिय संस्था है और राष्ट्रीय स्तर पर इतने सारे अवार्ड जीत कर ऊंचाइयों को प्राप्त किया है।


### दुःख में दुखी नहीं हों : सुमति मुनि

**जोधपुर**, (कासं)। चौरड़िया भवन में विराजित सुमति मुनि ने कहा कि जीव को दुःख आने पर दुखी नहीं होना चाहिए। हम अपनी शक्ति को पहचाने तथा शक्ति का सदुपयोग करें। कोई परीषह आये तो भी आनन्दित अवस्था में रहे। यह समझें कि हमारे लिए कर्म क्षय का अवसर लाया है। मुनि ने कहा कि लोगो के व्यवहार मान्यता, चमत्कार को देखकर अपनी श्रद्ध से कभी डिगे नहीं। इससे पूर्व साध्वीश्री ने कहा कि जीव को हर हालत में आनन्द से रहना चाहिए। परमात्मा ऋषभदेव को चार सौ दिन तक आहार नहीं मिला। परमात्मा के ज्ञान था इसलिए समझ गए कि मुझे आहार मिलने का अवसर अभी नहीं आया। परन्तु वे गोचरी को जाते वक्त भी प्रसन्न आनंदित रहते थे एवं आहार नहीं मिलने पर भी उनके चेहरे पर सदैव प्रसन्नता रहती थी। संघ अध्यक्ष देवराज बोहरा ने बताया कि 26 सितम्बर से 30 सितम्बर तक दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक प्रतिक्रमण के गूढ़ अर्थ पर चर्चा का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# त्रिपाठी ने पाली मारवाड़ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया

**पाली**, (नि.सं.)। उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने सोमवार को पाली मारवाड़ रेलवे स्टेशन का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन परिसर, वेटिंग रूम, बुकिंग, प्रतीक्षालय, स्टेशन अधीक्षक कक्ष एवं सर्कुलेटिंग एरिया का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डीआरएम त्रिपाठी ने बताया कि पाली मारवाड़ स्टेशन का कायाकल्प 95 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। इस पुनर्विकास कार्य में यात्री सुविधाओं को उच्च स्तरीय बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही स्टेशन पुनर्विकास का टेंडर आवंटित कर कार्य प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि स्वच्छता ही सेवा अभियान - 2025 के अंतर्गत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मंडल के विभिन्न स्टेशनों, कॉलोनियों एवं रेलवे ट्रैक पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, ताकि यात्रियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।



उत्तर पश्चिम रेलवे जोधपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने पाली मारवाड़ रेलवे स्टेशन परिसर, वेटिंग रूम, बुकिंग, प्रतीक्षालय, स्टेशन अधीक्षक कक्ष एवं सर्कुलेटिंग एरिया का निरीक्षण किया।

### पाली में विशेष स्वच्छता अभियान

डीआरएम त्रिपाठी ने बताया कि 25 सितम्बर को पाली मारवाड़ स्टेशन पर आमजन के सहयोग से विशेष स्वच्छता अभियान चलाने का प्लान कर रहे हैं। इस अवसर पर स्काउट-गाइड एवं विद्यालयों के समन्वय से वन्दे भारत, चित्रकला, निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। स्वच्छता अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत - स्वदेशी भारत की अवधारणा को सशक्त बनाने के लिए रेलवे, स्कूलों में भी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विकास खेड़ा, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) मनोहर सिंह, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर अनुपम कुमार, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर नितेश कुमार, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त नीतीश शर्मा, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक लोकेश कुमार सहित कई जने उपस्थित रहे।

# जोधपुर-दिल्ली कैंट-जोधपुर के बीच नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन 27 से

**जोधपुर**, (कासं)। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु जोधपुर-दिल्ली कैंट-जोधपुर नई सेमी हाई स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का 27 सितंबर से संचालन प्रारंभ किया जा रहा है। जोधपुर मंडल से चलने वाली दूसरी सेमी हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन के संचालन को लेकर रेल यात्रियों में बड़ा उत्साह है। ट्रेन सप्ताह में छह दिन चलेगी।

उत्तर-पश्चिम रेलवे के जोधपुर डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि ट्रेन 26481, जोधपुर-दिल्ली कैंट-वंदे भारत एक्सप्रेस सप्ताह में 6 दिन (मंगलवार को छोड़कर) जोधपुर से सुबह 5.25 बजे रवाना होकर दोपहर 1.30 दिल्ली कैंट पहुंचेगी। इसी प्रकार ट्रेन 26482, दिल्ली कैंट-जोधपुर वंदे भारत एक्सप्रेस सप्ताह में 6 दिन (मंगलवार को छोड़कर) 27 सितंबर से दिल्ली कैंट से दोपहर 3.10 बजे रवाना होकर उसी दिन रात्रि 11.20 बजे जोधपुर रेलवे स्टेशन पहुंच जाएगी। नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन आवागमन में मेड़ता रोड, डेगाना, मकराना, फुलेरा, जयपुर, अलवर, रेवाड़ी और गुड़गांव स्टेशनों पर ठहराव करेगी, जिसमें सात वातानुकूलित कुर्सीयान व एक एग्जीक्यूटिव वातानुकूलित कुर्सीयान श्रेणी के डिब्बे होंगे।

उत्तर-पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल से नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन जोधपुर मंडल की दूसरी सेमी हाई स्पीड ट्रेन होगी। इससे पहले जोधपुर से साबरमती स्टेशनों के बीच पहली वंदे भारत ट्रेन 7 जुलाई 2023 से चलना प्रारंभ हुई थी।

# पैदल संघ सच्चियाय माता आज रवाना होगा

**बालोतरा**, (निसं)। श्री सच्चियाय माता जैन मित्र मण्डल बालोतरा के तत्वावधान में बालोतरा से सच्चियाय माता मंदिर ओसियां धाम तक पावन पैदल यात्रा संघ 24 सितंबर को गाजे बाजे के रवाना होगा।

मंडल के किशोर गोलेच्छा ने बताया कि हर साल की भांति इस साल भी बालोतरा से ओसियां स्थित सच्चियाय माता मंदिर पैदल यात्रा संघ बुधवार सवेरे स्थानीय शहर के व्हाइट क्लब अस्पताल के समीप स्थित शांतिनाथ भगवान मंदिर में पूजा अर्चना के साथ माताजी की आरती कर गाजे बाजे के साथ रवाना होगा।

उन्होंने ने बताया कि पैदल यात्रा संघ बालोतरा से रवाना होकर मुगडा, उमरलाई,साखलों की ढाणी ,सेवडा, लुणावास, नवकार धाम, मंडोर, उम्मेदपुरा, नेवरा होते हुए 30 सितंबर को ओसिया माता मंदिर पहुंच कर माताजी को छप्पन भोग लगाकर, आरती कर दर्शन करेंगे। इस पैदल यात्रा संघ को लेकर मंडल के नरेश वैदमुथा,रोशन चौपडा,धर्मेन्द्र दांती, दीपक चौपडा,अमन सालेचा,रमेश रांका, श्रेयांस बॉठिया, हीरालाल रांका सहित सदस्यों ने तैयारियां पूरी कर ली है।

# बाबा रामदेव कथा के पोस्टर का विमोचन



जोधपुर मंडोर स्थित अनुबंध वृद्धजन कुटीर में बाबा रामदेव कथा ज्ञान यज्ञ के पोस्टर का विमोचन किया।

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर मंडोर स्थित अनुबंध वृद्धजन कुटीर में नवरात्र पर तीन दिवसीय श्री बाबा रामदेव कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। कथा का वाचन मिश्रीलाल पंवार रचनाकार द्वारा किया जाएगा। कथा अनुष्ठान के पोस्टर का विमोचन आज संस्थान के कार्यालय पर किया गया।

अनुबंध वृद्धजन कुटीर की संचालिका अनुराधा अडवानी ने बताया कि कुटीर के वृद्ध जनों के लिए समय,मय पर आध्यात्मिक, धार्मिक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में नवरात्र के अवसर पर 25 से 27 सितम्बर तक श्री बाबा रामदेव कथा का आयोजन किया जाएगा। आलसी बाबा (मिश्रीलाल पंवार) कथा का वाचन करेंगे। कथा का समय सांय चार से छह बजे तक रहेगा। कथा की पूर्ण आरती के अवसर पर 27 सितम्बर को प्रख्यात मैजिशियन जादूगर गोपाल अपने जादुई कार्यक्रम पेश करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर कुटीर के वृद्धजनों में काफी उत्साह है। देवाराम, अशफ़ाक अहमद फौजदार, श्याम गुप्ता शान्त, अनुराधा अडवानी, नरेन्द्र अडवाना, हिमांशु लाहोटी उपस्थित थे।

### प्रतियोगिता में गूंजे देशभक्ति के तराने

**जालोर**, (कासं)। भारत विकास परिषद् जालोर की ओर से संस्कार प्रकल्प के अंतर्गत देशभक्ति गीतों पर आधारित राष्ट्रीय हिन्दी समूह गान, राष्ट्रीय संस्कृत समूह गान व लोकगीत प्रतियोगिता का आयोजन शहर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजेन्द्रनगर में मंगलवार को मुख्य अतिथि प्रिन्सिपल शुभांगी टंडन, परिषद् के पूर्व प्रान्तीय उपाध्यक्ष पदमाराम चौधरी,प्रान्तीय पर्यवेक्षक मदनलाल माली, शाखा अध्यक्ष राजेन्द्र भूतड़ा की उपस्थिति में किया गया।

कई विद्यालयों के कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्या। परिषद् के पूर्व प्रान्तीय उपाध्यक्ष पदमाराम चौधरी ने प्रतियोगिता का उद्देश्य बताया। टीमों ने अपने नियत क्रमांक अनुसार पहले हिंदी गीतों की प्रस्तुति दी। देशभक्ति के ओतप्रोत ओजस्वी गीतों के तरानों से पूरा पांडाल गूंज उठा। संस्कृत समूह गान प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने देववाणी संस्कृत भाषा में लयबद्ध स्वर लहरी में शुद्ध उच्चारण के गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी।

शान्तिनाथ बालिका आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, जालोर की टीम की छात्राएं प्रथम स्थान पर रही । राजकीय बालिका उमावि प्रताप चौक स्कूल की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । इसी तरह लोकगीत प्रतियोगिता में राजकीय बालिका उमा प्रताप चौक विद्यालय व शांतिनाथ बालिका आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय की टीम ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका में प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में भाषा विद्वान ,कला मर्मज्ञ व अनुभवी संगीत विशेषज्ञ के रूप में छैल बिहारी परिहार, शैलजा माथुर एवं राखी ओझा सम्मिलित थे।

# जालोर के वार्ड 8 से 11 के लिए शिविर

**जालोर**, (का.सं.)।गरीय क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को बेहतरीन सेवाएं उपलब्ध करवाने व उनके संबंधित प्रकरणों को मौके पर ही निस्तारित करने के लिए जिले के शहरी निकायों में 17 अक्टूबर तक शहरी सेवा शिविर-2025 लगेंगे।

नगर परिषद् आयुक्त दिलीप माथुर ने बताया कि मंगलवार को नगर परिषद वार्ड संख्या 8 से 11 तक के लिए नगर परिषद सभागार जालोर में शहरी सेवा शिविर में आबादी भूमि नियमन, कृषि भूमि नियमन, भवन निर्माण स्वीकृतियाँ, नामान्तरण, उप विभाजन प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन इत्यादि से संबंधित आवेदन पत्र किए गए। नगर परिषद जालोर के वार्ड संख्या 8 से 11 तक के लिए 24 सितम्बर को नगर परिषद में शहरी सेवा शिविर लगेगा। कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि 25 सितम्बर, बुधवार को जालोर तहसील की डूडसी व चांदणा, आहोर तहसील की चरली व चवरछा, भाद्राजून तहसील की कंवला व नोरवा, सायला तहसील की कोमता व देताकलां, बागोड़ा तहसील की नांदिया व चैनपुरा, भीनमाल तहसील की नोहरा व दांतीवास, जसवंतपुरा तहसील की डोरडा व जसवंतपुरा, रानीवाड़ा तहसील की गांग व मैत्रीवाड़ा, सांचौर तहसील की डांगरा व बावरला एवं चितलवाना तहसील की झाब व गुडाहेमा ग्राम पंचायत में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया जायेगा।

# पाली में समीक्षा बैठक आयोजित

**पाली**, (नि.सं.)। कलैक्टर एलएन मंत्री ने मंगलवार को जिला कलैक्टर कार्यालय के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के वीसी रूम में सभी जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की ग्रामीण सेवा, शहरी सेवा शिविरों के अभियान की समीक्षा बैठक ली व सभी संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने इससे जुड़े सभी प्रमुख विभागों राजस्व, चिकित्सा, पानी, बिजली, पंचायत, शिक्षा, महिला बाल विकास आदि सभी विभागों की शिविरों में चल रहे कामों की जानकारी ली और प्रगति लाने व अभियान के बारे में विस्तार से दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर उन्होंने सेवा पखवाडा में आयोजित हो रही विभिन्न गतिविधियां और आयोजन के बारे में भी निर्देश दिये।

जिला स्तरीय अधिकारी वीसी रूम में व ब्लॉक लेवल के अधिकारी ऑनलाईन वी सी से जुड़े।

# मेजर दलपत सिंह देवली के बलिदान दिवस पर शोभायात्रा निकाली

**जालोर**, (कासं) । हाईफा हीरो मेजर दलपत सिंह देवली 107 के बलिदान दिवस के अवसर पर मंगलवार को जिला रावणा राजपूत महासभा एवं युवा महासभा जालोर के संयुक्त तत्वावधान में मलकेश्वर मठ प्रांगण में विशाल रावणा राजपूत समाज का सामाजिक सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसको राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्चुअल संबोधित करते हुए मेजर दलपतसिंह देवली को नमन किया । बाद में जालोर के मुख्य मार्गो पर ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गयी। जिसमें लगभग प्रदेश भर से एवं देश के प्रवासी बन्धुओं ने शिरकत की। जिसमें हजारो लोगो ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जिला रावणा राजपूत महासभा के अध्यक्ष राजुसिंह राजपुरा , युवा अध्यक्ष श्रवणसिंह सिसोदिया एवं कार्यक्रम संयोजक गजेन्द्रसिंह सिसोदिया ने बताया कि कार्यक्रम सांसद लुंबाराम चौधरी सहित समस्त अतिथियो ने मेजर दलपसिंह देवली की तस्वीर पर पुष्पांजली अर्पित कर तथा दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में अतिथियो, दानदाताओ, सहयोगियो व कार्यकर्ताओं का शॉल दुपट्टा व साफा पहना कर स्वागत किया।

समारोह को वर्चुअल मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्ष 1914 से 1918 के बीच हाइफा शहर पर तुर्की और जर्मन सैनिकों का कब्जा था। उस समय भारत देश पर अंग्रेजों का राज था। इसलिए अंग्रेजी सेना में भारतीय सैनिकों को भी युद्ध लडने जाना पडता था। एक टुकडी ने तुर्की और जर्मन की बंदूकों व गोला बारूद का मुकाबला तलवार और भाले से करते हुए 23 सितंबर 1918 ई. को मेजर ठाकुर दलपत सिंह देवली ने हाइफा शहर को आजाद करा लिया। इस विजय के बाद मेजर दलपत सिंह को हीरो ऑफ हाइफा कहा गया। इनकी बहादुरी को देखते हुए अंग्रेज सरकार ने उन्हें मरणोपरांत "विक्टोरिया क्रॉस मेडल" व "मिलिट्री क्रॉस" से सम्मानित किया। महज 26 वर्ष की उम्र में अद्वितीय बलिदान देने वाले मेजर दलपत सिंह के प्रति केवल राजस्थान के लोग अथवा रावणा राजपूत समाज के लोग ही नहीं, बल्कि सुदूर इजराइल के लोग भी आदर सम्मान और कृतज्ञता का भाव रखते हैं। इसके अलावा लंदन की रॉयल गैलरी में भी उनकी मूर्ति लगी है। हाईफा का युद्ध मानव इतिहास का सबसे बडे युद्ध में से एक रूप में याद किया जाता है। इतिहास में यह अंतिम घटना है। जहां भाले व तलवारों से सज्जित घोडों पर सवार व पैदल सैनिकों ने कोई प्रमुख लडाई लडी और जीती। हाईफा का युद्ध भारतीय इतिहास का एक स्वार्णिम अध्याय है, जो हर भारतीय बालक व युवाओं को प्रेरित कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी अदम्य साहस और हौसले का परिचय देने वाले मेजर दलपत सिंह देवली इजराइल जाकर नमन किया। ,

अन्तर्राष्ट्रीय गायक छोटुसिंह रावणा ने क्षत्रिय उनका धर्म..... एवं बोली-बोली तलवारे बोली गाकर लोगो को झुमने के लिए मजबूर कर दिया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के विभाग प्रचारक संजीव कुमार व प्रान्त कार्यवाहक खीमाराम सुथार ने संबोधित करते राष्ट्र के प्रति समर्पण भाग जागृत करने का आव्हान किया। मुख्य सचेतक राजस्थान विधानसभा जोगेश्वर गर्ग ने रावणा राजपूत समाज की मांगो का समर्थन हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। सांसद लुंबाराम चौधरी ने जालोर सिरोही में सांसद कोटे से मेजर दलपतसिंह देवली मूर्ति लगाने की घोषणा की गई । समारोह को आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, जिला प्रमुख राजेश कुमार राणा, पूर्व विधायक रानीवाडा नारायणसिंह देवल, भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित, राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रमसिंह भाटी, प्रदेशाध्यक्ष रणजीतसिंह सोडाला, आनंदपाल परिवार के मंजीतसिंह सांवराद, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता गजेन्द्रसिंह सांखला , रामदेवरा धर्मशाला अध्यक्ष ईश्वरसिंह जसोल, जैसलमेर कांग्रेस अध्यक्ष उम्मेदसिंह तंवर , सिरोही अध्यक्ष करणसिंह चैहान , कार्यक्रम संयोजक गजेन्द्रसिंह सिसोदिया , पाली से मूलसिंह गहलोत, अजमेर अध्यक्ष शंकरसिंह राठौड , ओबीसी संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष रणवीरसिंह बिरलोका , अन्तर्राष्ट्रीय गायक छोटुसिंह रावणा, राष्ट्रीय महामंत्री मदनसिंह राठौड, व अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रशासक दलपतसिंह आर्य ने संबोधित करते समाज की आवश्यकताओ पर प्रकाष डालते हुए वैचारिक , सामाजिक, राजनैतिक व आर्थिक क्रांति लाने का आव्हान किया।

कार्यक्रम में प्रारम्भ में जिलाध्यक्ष राजुसिंह राजपुरा व युवा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह सिसोदिया ने स्वागत भाषण देते हुए समाज की मांगो पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक एकता पर बल दिया। कार्यक्रम के अन्त में संयोजक गजेन्द्रसिंह सिसोदिया ने आभार जताया। संचालक राजेन्द्रसिंह नारलाई एवं आशा कँवर भाटी ने संयुक्त रुप से सुन्दर संचालन किया। कार्यक्रम को लेकर रावणा राजपूत समाज में भारी उत्साह देखा गया।

इस अवसर पर कलेक्टर जालोर डॉ. प्रदीप गंवाडे, पुलिस अधीक्षक जालोर शेलैन्द्रसिंह इन्दौलिया, अधिकारी , पीपलेष्वर महादेव मठ, लेटा के महंत रणछोड भारती महाराज, महामण्डलेष्वर संतोष भारती महाराज, पापकटनजी लेहर भारतीजी , नीलकंठ महादेव मंदिर जनकपुरी महाराज, भैरुनाथ अखाडे के प्रतिनिधि सागरनाथ महाराज के साथ विभिन्न प्रांतों से सहित रावणा राजपूत के लोग उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर पालिका खुडाला फालना स्टेशन जिला-पाली
टेलि न./फैक्स न. - (02938) 236170/236115 ई-मेल - eombfalna@gmail.com

**Notice Inviting Bid**

Bids for Development Work Of Subject matter(s) of Procurement are invited from interested bidders From Date **20-09-2025 to** Date **25-09-2025** Other particulars of the bid may be Visited on the procurement portal (https://sppp.rajasthan.gov.in)

UBN :- 1. DLB2526WSOB19370 2. DLB2526WSOB19371
3. DLB2526WSOB19372 4. DLB2526WSOB19373
5. DLB2526WSOB19374 6. DLB2526WSOB19375
7. DLB2526WSOB19376 8. DLB2526WSOB19377

राज.संवाद/सी/25/10725 अधिशाषी अधिकारी

कार्यालय नगर परिषद जालोर (राजस्थान)
( अस्पताल चौराहा, जोधपुर रोड, जालोर -343001 )
Tel. (02973) 222270 E-mail : mbjalore24@yahoo.in
क्रमांक:- नपजा/राजस्व/2025/82 दिनांक : 20/09/2025

॥ आपत्ति विज्ञप्ति ॥

श्रीमती सोनल पत्नी श्री नमन सोनी, जाति - सोनी, निवासी - भंडारीयो का वास, बडी पोल के अन्दर, जालोर ने एक भुखण्ड के नामांतरण व उपविभाजन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है । उक्त भुखण्ड जालोर की आबादी भूमि खसरा संख्या - 1022/5 महावीर नगर जालोर में आया हुआ है, जिसका पट्टा क्रमांक - 1489, दिनांक - 27.09.1995 को श्रीमती लता बोहरा पत्नी पुष्पराजजी के नाम से कार्यालय उपखण्ड अधिकारी, जालोर द्वारा जारी किया गया है । उक्त आवासीय प्लॉट का क्षैत्रफल 1687.50 वर्गफीट का श्रीमती सोनल पत्नी श्री नमन सोनी ने अपने नाम से नामांतरण एवं उपविभाजन चाहा गया है । उक्त भुखण्ड के पडौस एवं चतुर्सीमा निम्न प्रकार है :-
उत्तर :-प्लॉट सं. -46, यह भुजा 75 फीट है ।
दक्षिण :- पूनम पत्नी अरविन्द सोनी का बख्शीश किया गया 1/2 हिस्सा, यह भुजा 75 फीट है ।
पूर्व :- खसरा सं. -1022 की भूमि, यह 22.6 फीट है ।
पश्चिम :- आम रास्ता, यह भुजा 22.6 फीट है ।

अतः सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज साक्ष्य सहित निम्नहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है । निर्धारित समयावधि के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी। इस प्रकरण से संबंधित प्रार्थना पत्र व संलग्न दस्तावेजों का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय के दौरान इस कार्यालय के राजस्व अनुभाग में आकर किया जा सकेगा ।
आयुक्त
अवगत रहें। नगर परिषद, जालोर

कार्यालय नगर परिषद जालोर (राजस्थान)
( अस्पताल चौराहा, जोधपुर रोड, जालोर -343001 )
Tel. (02973) 222270 E-mail : mbjalore24@yahoo.in
क्रमांक:- नपजा/राजस्व/2025/78 दिनांक : 20/09/2025

॥ आपत्ति विज्ञप्ति ॥

श्रीमती पूनम पत्नी श्री अरविन्द सोनी, जाति - सोनी, निवासी - 53, भडभुजा वाली गली, जालोर ने एक भुखण्ड के नामांतरण व उपविभाजन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है । उक्त भुखण्ड जालोर की आबादी भूमि खसरा संख्या - 1022/5 बनाम महावीर नगर जालोर में आया हुआ है, जिसका पट्टा क्रमांक - 1489, दिनांक- 27.09.1995 को श्रीमती लता बोहरा पत्नी पुष्पराजजी के नाम से आया हुआ है । उक्त आवासीय प्लॉट का क्षैत्रफल 1687.50 वर्गफीट का श्रीमती पुनम पत्नी श्री अरविन्द सोनी ने अपने नाम से नामांतरण व उपविभाजन चाहा गया है ।
उत्तर :- सोनल पत्नी नमन सोनी को बख्शीश 1/2 हिस्सा प्लॉट,यह भुजा 75 फीट है।
दक्षिण :- प्लॉट सं. - 44, यह भुजा 75 फीट है ।
पूर्व :- खसरा सं. -1022 की भूमि, यह 22.6 फीट है ।
पश्चिम :- आम रास्ता, यह भुजा 22.6 फीट है ।

अतः सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज साक्ष्य सहित निम्नहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है । निर्धारित समयावधि के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी। इस प्रकरण से संबंधित प्रार्थना पत्र व संलग्न दस्तावेजों का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय के दौरान इस कार्यालय के राजस्व अनुभाग में आकर किया जा सकेगा ।
आयुक्त
अवगत रहें। नगर परिषद, जालोर

कार्यालय नगर परिषद जालोर (राजस्थान)
( अस्पताल चौराहा, जोधपुर रोड, जालोर -343001 )
Tel. (02973) 222270 E-mail : mbjalore24@yahoo.in
क्रमांक:- नपजा/राजस्व/2025/80 दिनांक : 20/09/2025

॥ आपत्ति विज्ञप्ति ॥

श्रीमती शीतल मुकेश हीराणी पत्नी स्व. मुकेश हीराणी एवं दिवेश मुकेश हीराणी, धीर मुकेश हीराणी ( नाबालिग) पुत्रगण स्व. श्री मुकेश हीराणी, जाति - जैन, निवासी - रेवतडा, तहसील सायला, जिला - जालोर ने एक भुखण्ड के नामांतरण व उपविभाजन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है । उक्त भुखण्ड जालोर की आबादी भूमि खसरा संख्या 1022/4 बनाम लक्ष्मीनगर जालोर में आया हुआ है, जिसका पट्टा नम्बर - 692, दिनांक -19.08.1988 को श्रीमती कमला देवी पत्नी कमलचंद सोलंकी के नाम से कार्यालय उपखण्ड अधिकारी (कृ.भू.रुपा) जालोर द्वारा जारी किया गया है । उक्त आवासीय प्लॉट सं.- 78 का क्षैत्रफल 2700 वर्गफीट जो श्रीमती शीतल मुकेश (1/3 हिस्सा 900 वर्गफीट) दिवेश मुकेश हीराणी (1/3 हिस्सा 900 वर्गफीट ) , धीर मुकेश हीराणी (1/3 हिस्सा 900 वर्गफीट ) ने अपने नाम से नामांतरण व उपविभाजन चाहा गया है । उक्त भुखण्ड के पडौस एवं चतुर्सीमा निम्न प्रकार है ।
उत्तर :- 15 फीट चौडा रास्ता, यह भुजा 60 फीट है ।
दक्षिण :- प्लॉट सं. - 77, यह भुजा 60 फीट है ।
पूर्व :- प्लॉट सं.- 71, यह भुजा 45 फीट है ।
पश्चिम :- 15 फीट चौडा रास्ता, यह भुजा 45 फीट है ।

अतः सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज साक्ष्य सहित निम्नहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है । निर्धारित समयावधि के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी। इस प्रकरण से संबंधित प्रार्थना पत्र व संलग्न दस्तावेजों का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय के दौरान इस कार्यालय के राजस्व अनुभाग में आकर किया जा सकेगा ।
अवगत रहें। आयुक्त नगर परिषद, जालोर